## एक नजर

### पिकअप और ऑटो के टक्कर में ऑटो चालक घायल, रिम्स रेफर



बेड़ो। बेड़ो थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग पर मंगलवार की रात लगभग साढ़े सात बजे पूरना पानी मोड़ के समीप पिकअप और मालवाहक ऑटो की आमने सामने टक्कर से ऑटो चालक ब्रम्बे पाली गांव निवासी 24 वर्षीय सरफराज अंसारी पिता शाहबुद्दीन अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे बेड़ो थाना पुलिस के एएसआई अक्षय सिंह ने ग्रामीणों के सहयोग से बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डा काजोल ने घायल चालक का प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घायल चालक ने बताया कि वह गुमला से आ रहा था और अपने घर जा रहा था।इसी दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया।

### बेड़ो में जंगली हाथी ने एक का घर तोड़ा



बेड़ो। बेडो प्रखंड के जामटोली पंचायत के महरु बंजारा गांव में जंगली हाथी ने सोमवार की रात करीब 11 बजे खद्दी धान का कच्चा मकान को ध्वस्त कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि एक विशालकाय जंगली हाथी इस गांव में अचानक आ धमका?। इसके बाद उसने एक घर को ढहा दिया। वहीं घर पर सोए अन्य लोग किसी तरह जान बचाने में सफल रहे। वहीं घटना की सूचना पाते ही मुखिया लक्ष्मी कोया ने गांव पहुंचकर स्थिति का मुआयना किया।

# जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मतदान के बारे में दी गई जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से हाल ही में प्रकाशित मतदाता सूची में अपना नाम चेक करने के लिए विशेष ध्यान देने को कहा गया। मुख्य निर्वाचक पदाधिकारी, झारखण्ड के निदेर्शानुसार दिनांक- 23 जनवरी 2024 को केयुजी इंग्लिश मीडियम स्कूल, मौलाना आजाद हाई स्कूल, बालकृष्णा +2 हाई स्कूल एवं एस एस डोरंडा बालिका उच्च विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन एएन्डएम कम्युनिकेशन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मकसद युवा छात्र छात्राओं को निर्वाचन प्रक्रिया से अवगत कराकर उन्हें इसका हिस्सा बनाने हेतु प्रेरित करना। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मतदान की महत्त्व के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें न सिर्फ अपना मतदान का अधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया बल्कि सभी छात्र-छात्राओं को उनके परिवार तथा आस -पड़ोस के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी भी दी गई। साथ ही साथ कार्यक्रम में मतदान से जुड़े हुए विभिन्न ऑनलाइन एवं ऑफलाइन फॉर्म भरने की प्रक्रिया बताई गई। इसके अलावा वोटर हेल्पलाइन ऐप, वोटर पोर्टल एवं वोटर हेल्पलाइन नंबर की विस्तार से जानकारी साझा की गई। हल ही में प्रकाशित मतदाता सूची में मतदाता अपने नाम अदि कैसे जाँच करेंगे इसके बारे में भी प्रकाश डाला गया। अपना नाम मतदाता सूची में चेक करते समय कोई विसंगति हो तो उसका जानकारी अपने बी.एल.ओ. को तुरंत सूचित करने की जरूरत पर भी ध्यान देने को कहा गया। कार्यक्रम के पश्चात सभी विद्यालयों के प्रिंसिपल ने उक्त कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं से ऐसे कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने हेतु प्रेरित किया।

## कांके विधायक समरी लाल ने सामुदायिक भवन का किया शिलान्यास

**रांची।** रांची के बरियातू स्थित इंद्रप्रस्थ कॉलोनी जोड़ा तालाब के श्री महावीर मंदिर सामुदायिक भवन के दूसरे तल्ले का शिलान्यास कांके विधायक समरी लाल ने मंगलवार को नारियल फोड़कर किया। विधायक ने कहा कि सामुदायिक भवन के दूसरा तल बन जाने पर यहां के लोगों को शादी और अन्य कार्यक्रम करने के लिए कही और नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बहुत दिनों से मोहल्ले वासियों की यह मांग अब पूरी हुई। इस अवसर मोहल्ले वासियों ने समरी लाल को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने मोहल्ले वासियों से आग्रह किया कि दूसरे तल्ले का निर्माण कार्य अपने देखरेख में करायें। इस अवसर पर प्रकाश चंद्र सिन्हा, हरिनंदन शर्मा, रामाशीष सिंह, सुरेंद्र मंडल, मुकेश कुमार, रवि पाठक, ओम प्रकाश पांडे, अमित कुमार मंडल, मनोज गोस्वामी, ऋषि कुमार, बबलू सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## प्रदेश कांग्रेस ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की मनाई जयंती

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के तत्वावधान में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती रांची के कांग्रेस भवन में मनायी गयी। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और अन्य नेताओं ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि नेताजी त्याग एवं अनुशासन के प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने देश की आजादी के लिये अपने सारे सुख-वैभव का त्याग कर कठिन से कठिन मार्ग को अपनाया और अंग्रेजों को अपने नाम का लोहा मनवाया। उन्होंने इसी उद्देश्य से आजाद हिन्द फौज का गठन किया और नारा दिया कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। उनमें युवाओं को संगठित कर राष्ट्र के प्रति समर्पित करने की अपूर्व क्षमता थी।

## न्यूज बॉक्स

### स्कॉर्पियो व बाइक में टक्कर, एक की मौत

**चान्हो।** थाना के बिजूपाड़ा खलारी रोड में शाही ढाबा के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो व मोटरसाइकिल में जोरदार भिड़ंत हो गयी जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक की पहचान कांके थाना में पदस्थापित सिपाही अल्बर्ट नागवार के रुप में गयी है। घटना की सूचना मिलते ही चान्हो थाने की पुलिस मौके पर पहुंची तब तक वहां से स्कॉर्पियो में सवार चालक सहित सभी लोग भाग चुके थे। बाद में पुलिस ने घटना स्थल से शव बरामद कर पोस्टमार्ट के लिए रिम्स भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक हादसे में जान गवांने वाला सिपाही अल्बर्ट नागवार खूंटी जिले के हरदाग का रहने वाला था। वह आज सुबह कांके थाना से डाक पहुंचाने के लिए चान्हो गया था। उसी दोरान शाम चार बजे बिजुपाड़ा खलारी रोड में शाही ढाबा के पास तेज रफ्तार स्कॉपियो जेएच01एपी3501 और सिपाही की बाइक की आमने सामने भिड़ंत हो गयी। दोनों की टक्कर के बाद बाईक सवार दूर जा गिरा जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। और बाइक भी रगड़ खाते हुए दूर चली गयी जिससे उसमें आग लग गयी। घटना स्थल सुनसान क्षेत्र होने के कारण लोगों इसकी जानकारी देर में मिली। इधर चान्हो थाने की पुलिस दुघर्टनाग्रस्त स्कॉर्पियो को और सिपाही की जली हुई बाइक को जब्त कर थाना ले गयी। खबर लिखे जाने तक पुलिस को स्कॉर्पियो के चालक और उसमें सवार लोगों की जानकारी नहीं मिल पायी थी। लेकिन यह जानकारी मिली है कि उसमें सवार लोग भी घायल हुए है जो खतरे से बाहर थे, जिन्हें स्थानीय लोगों ने वहां से हटा दिया। पुलिस गाड़ी के नम्बर के आधार पर उसके मालिक व अन्य का पता लगाने में जुट गयी थी।

### झारखंड से सात मत्स्य कृषक दंपतियों को किया गया है आमंत्रित

**खलारी।** झारखंड से कुल सात मत्स्य कृषक दम्पतियों को गणतंत्र दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। जिनमें दुमका के उत्तम केवट, रांची तमाड़ के उमेश नायक, हजारीबाग के पिंटूकुमार यादव, लातेहार के लाल जयकिशोर शाहदेव, चंदवारा के प्रकाश रविदास, गुमला के ज्योति लकड़ा तथा रांची खलारी के बालेश्वर गंझू का नाम शामिल है।

### खलारी में मत्स्य पालन से 161 परिवार को मिल रहा रोजगार



**खलारी।** खलारी में मत्स्य पालन से 161 परिवार को रोजगार मिला हुआ है। बालेश्वर गंझू खलारी प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड के अध्यक्ष हैं। इनके सफल प्रयास के कारण खलारी के दो बंद कोयला खदान में भरे पानी में केज कल्चर के माध्यम से मछली पालन किया जा रहा है। जिनमें खिलानधौड़ा व तुमांग में कुल 93 केज लगाए गए है। जिसमें 161 सदस्य हैं। खिलान धौड़ा में वर्ष 2019-20 तथा तुमांग में वर्ष 2021-22 में केज कल्चर से मछली पालन शुरू किया गया था। डिस्ट्रिक्ट मिनिरल फाउंडेशन ट्रस्ट के फंड से इस मछली पालन प्रोजेक्ट को धन उपलब्ध कराया गया है। जिला मत्स्य पदाधिकारी के निर्देशन में पूरा प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है।

## रांची महानगर कांग्रेस कमेटी ने बांटे कंबल

**रांची।** कोकर स्थित सुभाष चौक में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी का जयंती रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन राजू राम के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया गया और गरीब आसहाय लोगों के बीच 85 कंबल का वितरण किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अनूसुचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान विशिष्ट अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अनूसुचित जाति के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेन राम,और इस कार्यक्रम में झारखंड नेशनल कोर्डिनेटर वशिष्ठ लाल पासवान,रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के उपचेयरमैन सुरज कुमार पासवान,ओ बी सी प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष महतो, प्रकाश राम, अरविंद हजारा,राज कुमार राम, अंशू पासवान आदि रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

### छात्रा अफीफा नौरीन का चयन ऐप डेवलपर के पद पर

# कालेज के छात्र हर क्षेत्र में अपना कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं : प्राचार्य



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** 9 राउंड के चयन प्रक्रिया पार करने के बाद मारवाड़ी महाविद्यालय की छात्रा अफीफा नौरीन का सलेक्शन एक्सेंचर में ऐप डेवलपर के पद पर हुआ है। वहीं सलेक्शन के बाद एफीफा ने बताया कि ऑनबोर्डिंग से पहले 4 राउंड का सलेक्शन प्रोसेस हुआ।

वहीं 15 जुलाई को एप्टीट्यूड,रीजनिंग एंड इंग्लिश का टेस्ट लिया गया था। जिसके तुरंत बाद टेक्निकल रपुंड हुआ जो की एक एलिमिनेशन राउंड था। साथ ही साथ 18 जुलाई को कम्युनिकेशन असेसमेंट और 20 जुलाई को इंटरव्यू राउंड हुआ। फिर ऑनबोर्डिग 26 सितंबर को हुआ। जिसके बाद मुझे 5 और अलग अलग सिलेक्शन प्रक्रिया को पार करके जनवरी के तीसरे हफ्ते तक पूरा कर अपना कन्फर्मेशन सुनिश्चित किया। आपको बता दें कि अफीफा नौरीन के चयन पर पुरे महाविद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने इस अवसर पर कहा कि हमारे महाविद्यालय के बच्चे राज्य के साथ-साथ पूरे देश भर में अपना एक अलग कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। जबकि प्लेसमेंट सेल के असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर अनुभव चक्रवर्ती ने कहा कि अफीफा से पुरे महाविद्यालय के बच्चों को प्रेरणा लेनी है। जबकि अफीफा ने इसका श्रेय महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल को दिया है।

## कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट ने कंबल व उनी वस्त्रों का किया वितरण

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल की देखरेख मे हेहल प्रखण्ड मे समाजसेवी एवं भारतीय सेवा के सेवानिवृत शकर्मी ललन कुमार मिश्रा,रमेन्द्र पाण्डेय, महेश बर्मा,परमेश्वर साहु एव आलोक कुमार ने सयुंक्त रूप से हेहल वस्ती और आसपास के विभिन्न बस्तीयों से आये हुए एवं हरमु की स्लम बस्ती में रहने वाले कमजोर वर्ग के स्कुल जाने वाले 26 बच्चों एवं हेहल प्रखण्ड मे विभिन्न बस्तीयों से आए हुए 92 अभावग्रस्त बच्चों वृद्ध महिला-पुरुषों के बीच 118 कम्बल, उनी टोपी एव उनी मोजा संस्था के सदस्यों के सौजन्य से प्रत्येक अभावग्रस्त ग्रामीणों को कम्बल,उनी टोपी एव ऊनी मोजा का निशुल्क वितरण किया।




# शिल्पकारों के व्यवसाय में बढ़ोतरी करना पीएम विश्वकर्मा योजना का लक्ष्य : सेठ

## एमएसएमई-विकास ने किया पीएम विश्वकर्मा योजना पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सांसद संजय सेठ ने कहा कि पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को आर्थिक सहायता के साथ उन्नत उपकरण प्रदान और व्यवसाय में बढ़ोतरी कराना पीएम विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य है। भारत सरकार, एमएसएमई मंत्रालय के एमएसएमई-विकास कार्यालय द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला में सांसद ने यह बातें कही। सिरमटोली के होटल मैपलवुड में आयोजित कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम के संयोजक सहायक निदेशक सुरेन्द्र शर्मा ने उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि एवं सभी अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि श्री सेठ ने कहा कि भारत सरकार की ओर से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रारंभ करने का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को आर्थिक सहायता एवं उन्नत उपकरण प्रदान करते हुए उनके व्यवसाय में बढ़ोतरी कराना है। जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। उन्होंने सभा में उपस्थित सभी हितधारकों से अपने स्तर के कार्य से संबंधित कार्यकलापों को अच्छी तरह से समझने के लिए इस कार्यशाला का लाभ लेने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्योग बोर्ड के सीईओ शशी रंजन ने बताया कि इस योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षित किए जाने की आवश्यकता है। जिससे ज्यादा से ज्यादा विश्वकर्माओं को इस योजना का लाभ दिलवाया जा सके। तकनीकी सत्र में सीएससी के वरिष्ठ प्रबंधक शशि शुक्ला ने पीएम विश्वकर्मा पोर्टल पर लाभार्थियों का जनसेवा केंद्र के माध्यम से पंजीकरण के तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के लाभार्थियों के लिए ग्राम प्रधान एवं शहरी क्षेत्र के लाभार्थियों के लिए यूएलबी प्रमुख द्वारा सत्यापन की प्रक्रिया क्या होगी, इससे जानने की जरूत है। योजना की नोडल अधिकारी सहायक निदेशक ज्योत्सना गुड़िया ने इस योजना में लाभार्थियों के पंजीकरण, उनके आवेदन की तीनों स्तर पर सत्यापन की प्रक्रिया के बारे में पावर प्वाइंट प्रस्तुत की। प्रश्नोत्तरी सत्र में उन्होंने प्रतिभागियों के शंकाओं का जवाब दिया एवं निराकरण किया। संयुक्त निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख इंद्रजीत यादव ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं रूपझ्ररेखा से अवगत कराया। सहायक निदेशक गौरव ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

इस कार्यशाला में 16 जिलों के जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक एवं उनके प्रतिनिधियों, एलडीएम, सीएससी के जनसंपर्क अधिकारियों, ग्राम प्रधान, यूएलबी प्रमुख एवं उनके नामित अधिकारियों एवं मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्योग बोर्ड के जिला उद्यमी समन्वयक शामिल होकर पीएम विश्वकर्मा योजना के कार्यान्वयन के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त किया।

### प्रथम चरण में मिलेगा एक लाख का ऋण

एसएलबीसी के उप महाप्रबंधक, अनिल जगदीश जाधव ने पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत ऋण की सुविधा के बारे में बताया। कहा कि प्रथम चरण में 1 लाख रूपए का कोलैटरल फ्री लोन दिया जाएगा। जिसे 18 महीने में चुकाना है एवं द्वितीय चरण में 2 लाख का कोलैटरल फ्री लोन दिया जाएगा। जिसे 30 महीने में चुकाना होगा, जिसपर 5 प्रतिशत का सब्सिडाइज्ड ब्याज दर देय होगा।

## मारवाड़ी सम्मेलन ने बैडमिंटन खिलाड़ी अनिकेत को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जिला मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से आयोजित जिला अधिवेशन समारोह मे संजय सर्राफ के पुत्र अनिकेत सर्राफ को बैडमिंटन में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित खेलकूद अवार्ड कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। मौके पर सांसद संजय सेठ एवं हटिया विधायक नवीन कुमार जायसवाल ने अनिकेत सर्राफ को मोमेंटो, पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। जिला मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार ने कहा कि यह समाज के लिए गौरव की बात है। हमारे समाज के होनहार उभरता बैडमिंटन खिलाड़ी अनिकेत सर्राफ ने दिल्ली में आयोजित डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में अंडर-14 बैडमिंटन प्रतियोगिता मे सिल्वर मेडल जीतकर एवं झारखंड राज्यस्तरीय स्पोर्ट्स प्रतियोगिता मे गोल्ड मेडल जीतकर एवं झारखंड का सर्वश्रेष्ठ प्लेयर का अवार्ड लेकर समाज एवं झारखंड का नाम पूरे देश में गौरवान्वित किया है। कार्यक्रम में राजकुमार केडिया, भागचंद पोद्दार, सुरेश चंद्र अग्रवाल, कमल कुमार केडिया, पवन शर्मा, विनोद कुमार जैन, मुकेश मित्तल, मनोज चौधरी, किशोर मंत्री, पवन पोद्दार, प्रमोद सारस्वत, अमित चौधरी, मनीष लोधा, अजय डीडवानिया, किशन पोद्दार और सुनील पोद्दार उपस्थित थे।

## श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में मनायी गयी दीपावली उत्सव

**रांची।** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के पर सेवा सदन पथ स्थित प्राचीन श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में दीपावली उत्सव मनायी गयी। शाम के समय दीये की रौशनी से दीपावली की अनुभूति हुई। रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंदिर में सामूहिक आरती की गई। इसमें करीबन 200 लोगों ने सामूहिक रूप से भाग लिया। भक्तों के द्वारा लाए हुए प्रसाद से प्रभु को सवामनी का भोग भी लगाया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### श्री श्याम मंदिर में 86वां श्री सुंदरकांड हनुमान चालीसा पाठ



**रांची।** श्री श्याम मंदिर में 86वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ हुआ। सुनील मोदी एवं आशा मोदी ने परिवार संग हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा, गुड़, चना एवं फल के प्रसाद अर्पित कर भक्तों के बीच वितरण किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक, डफली, झांझ व करताल के सुरताल के साथ श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया। मंदिर परिसर में उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने भक्ति भाव से सामूहिक रूप से पाठ किया। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी हुआ। बजरंगबली की जय जयकारों से हरमू रोड गूंज रहा था। पाठ के समापन के बाद श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय संकीर्तन करके महाआरती की गई। कार्यक्रम में अनिल नारनोली, श्रवण ढानढनिया, पुष्पा देवी पोद्दार, बलराम मोदी, मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, विश्वनाथ नारसरिया, गौरव अग्रवाल मोनू, स्नेह पोद्दार एवं श्याम सुंदर जोशी उपस्थित थे।

### दो दिवसीय राष्ट्रीय जतरा महोत्सव 31 जनवरी से मोरहाबादी में



**रांची।** राजधानी के मोरहाबादी में 31 जनवरी से दो दिवसीय राष्ट्रीय जतरा महोत्सव का आयोजन किया गया जाएगा। महोत्सव के अध्यक्ष अंतू तिर्की ने कहा कि मोरहाबादी मैदान में 31 जनवरी और 01 फरवरी को राष्ट्रीय जतरा महोत्सव होगा। जिसमें झारखंड के अलावा दुसरे राज्यों के भी आदिवासी संगठन के प्रतिनिधि अपने पारंपरिक वेशभूषा, परंपरा, संस्कृति एवं सभ्यता के साथ जतरा में शामिल होंगे। जिला परिषद् ओरमांझी के कमिश्नर मुंडा ने कहा कि राष्ट्रीय जतरा महोत्सव समिति का प्रयास सराहनीय है। मौके पर राष्ट्रीय जतरा महोत्सव के महासचिव नीलम बिरूली ने कहा कि राज्य भर के सभी आदिवासी समाज एवं संगठन के लोगों को राष्ट्रीय जतरा महोत्सव की ओर से आमंत्रित किया गया है। मौके पर मीडिया प्रभारी राजकिशोर साहू, हेमलाल मेहता, 22 पड़हा अध्यक्ष बाबूलाल महली, रमेशचंद्र उरांव, हरी लाल मुंडा, रवि मुंडा, जेठू मुंडा, बबलू मुंडा अमित पाहन सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### मानसिक रूप से कमजोर युवक को परिजन को सौंपा

**रांची।** मानसिक रूप से कमजोर धुर्वा निवासी नीतीश कुमार, उम्र 27 वर्ष पिछले 20 जनवरी से लापता था। धुर्वा बस स्टैंड के समीप बांस कोचा में रहने वाले विनोद कुमार के पुत्र नीतीश कुमार सुबह घर से निकलने के बाद से लापता हो गया था। इधर मंगलवार को युवा कांग्रेस नेता इंदरजीत सिंह की नजर सिंहमोड़ में सड़क किनारे बैठे एक युवक पर पड़ी। उन्होंने उस युवक से पूछताछ किया। इसके बाद युवा कांग्रेस के धुर्वा मंडल अध्यक्ष को युवक के बारे में बताया और उनके परिजनों को सूचना दी गयी। इसके बाद लापता युवक के परिजन सिंहमोड़ पहुंचे। इंदरजीत सिंह ने उस लड़के को परिवार वालों को सौंप दिया।

### आईएचएम ने प्रतियोगिता में शीर्ष 7 संस्थानों में बनायी जगह

**मांडर।** इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट ने नोएडा में आयोजित 'एड़ीबल कटलरी डिजाइन प्रतियोगिता' में देशभर के सभी होटल प्रबंधन संस्थानों में शीर्ष 7 में अपनी जगह बनाकर एक नया कृतिमान स्थापित किया है। इस प्रतियोगिता में पूरे देशभर के कुल 23 होटल प्रबंधन संस्थानों ने भाग लिया, जिसमें आईएचएम राँची के प्राचार्य डॉ.भूपेश कुमार के नेतृत्व एवं डॉ लाडली रानी, बायो टेक्नोलॉजी विभाग, रांची विश्वविद्यालय और श्री प्रवीण रमन, सम्पादक, हैलो लाइफ पत्रिका के मार्ग दर्शन में शेफ टॉम थॉमस, व्याख्याता तथा तृतीय वर्ष के छात्र श्री सारांश सोनी एवम श्री अलंकृत सहाय ने मडुआ से बने खाद्य कटलरी/क्रोकरी जैसे चमच, कटोरी, प्लेट एवम ग्लास इत्यादी प्रस्तुत की। संस्थान अपने स्थापना के पश्चात एक के बाद एक नया मुकाम हासिल कर रहा है। साथ ही बताया की मड़ुआ से बने खाद्य कटलरी के मुख्य फायदे यह है कि इसके इस्तेमाल के पश्चात इसे खाया भी जा सकता है।

### पूर्व डीडीसी ने मनाई नेताजी की जयंती



**चान्हो।** प्रखंड अंतर्गत अमर शहीद वीर बुधु भगत स्मारक स्थल सिलगाई में प्रमुख भारतीय स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने मनाई। इस अवसर पर श्री भगत ने लोगो को कहा कि नेताजी का जीवन काल से प्रेरणा लेकर हम सभी को जिन्दगी गुजारना है। क्योंकि नेताजी का जीवन संघर्षों से भरा पड़ा है। नेताजी का जीवन काल से प्रेरणा लेकर हम सभी को जिन्दगी गुजारना है। मांडर के दयानंद आर्य विद्या पब्लिक स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती बड़े गौरव के साथ मनाई गई। इस दिन को मनाने के लिए एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. राजेश प्रसाद दत्त ने छात्रों को भारत के महान स्वतंत्रता सेनानियों में से एक, नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

### 30 दिवसीय टू व्हीलर मैकेनिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन




**सिल्ली।** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 30 दिवसीय टू व्हीलर मैकेनिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उदघाटन समारोह संस्थान के निदेशक संजीत कुमार, बिनोद साहू,अमरेंद्र कुमार, गौरव दास, द्वारा किया गया। राज्य के विभिन प्रखंड बेरो, रामगढ़, गोला, अ नगड़ा, से आए 25 प्रशिक्षणार्थियों को संदेश दिया की टू व्हीलर मैकेनिक के क्षेत्र में आगे बढ़ने का बहुत अवसर है। खुद का स्वरोजगार करने का मार्गदर्शन दिया। संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने कहा कि अपने अपने स्वरोजगार को आगे बढ़ाने के लिए आप बैंक से भी लोन ले सकते है। मौके पर संस्थान के वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार, जगदीचा चंद्र महतो, दशरथ कुमार महतो, महेश रूही दास, सुनिल मुंडा उपस्थित रहे।

## लोस चुनाव को लेकर पुलिस के जवानों का दिया जायेगा प्रशिक्षण



**पुलिस मुख्यालय ने जवानों को तैयार रखने का सभी एसपी को दिया निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर राज्य के सभी जिलों के पुलिस के जवानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए पुलिस मुख्यालय की ओर तैयारियां शुरू कर दी गयी है। प्रशिक्षण को लेकर पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के एसपी को निर्देश जारी किया है। जारी निर्देश में कहा गया है कि चुनाव संबंधित प्रशिक्षण के लिए अपने जवानों को तैयार रखें। प्रशिक्षण संबंधित आदेश-निर्देश और एसओपी की कॉपी भी सभी जिलों को भेजी गई है। लोकसभा चुनाव स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में कराया जाना है। चुनाव में प्रतिनियुक्त जवानों को मतदानकर्मियों की सुरक्षा से लेकर बूथ की निगरानी तक की रणनीति से अवगत कराया जायेगा। उन्हें मतदान सामग्री की सुरक्षा, असामाजिक तत्वों, उपद्रवियों से निपटने के तरीके भी बताए जाएंगे। मतदाताओं को असुविधा न हो, उन्हें कोई मतदान से वंचित न कर पाए। उन्हें अपने पक्ष में मतदान के लिए कोई दबाव बनाए तो वैसे लोगों से कैसे निपटना है, वह भी बताया जायेगा।

## ईडी ने इजहार को चार दिनों के रिमांड पर लिया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
ईडी ने हजारीबाग के कोयला कारोबारी इजहार अंसारी को रिमांड में लेकर पूछताछ करने के बाद मंगलवार को ईडी कोर्ट में पेश किया। इस दौरान ईडी ने उससे और पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए फिर से रिमांड पर लेने का आग्रह कोर्ट से किया। इस पर कोर्ट ने इजहार अंसारी से पूछताछ के लिए ईडी को चार दिनों की पुनः रिमांड प्रदान की है। इससे पूर्व 16 जनवरी को ईडी ने हजारीबाग स्थित उसके आवास और फैक्टरी पर छापेमारी की थी। इसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया था। वह 70 करोड़ रुपये के कोल लिंकेज की हेराफेरी मामले में आरोपी है। अंसारी समन किये जाने के बावजूद पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष हाजिर नहीं हो रहा था। ईडी ने मनरेगा घोटाले को लेकर की गयी छापेमारी के दौरान निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के सीए सुमन कुमार का मोबाइल जब्त किया था। इस मोबाइल फोन से मिले तथ्य के आधार पर ईडी ने इजहार अंसारी के घर पर मार्च 2023 में भी छापा मारा था। इस दौरान उसके घर से तीन करोड़ से अधिक जब्त किये गये थे। इजहार पूजा सिंघल का करीबी बताया जाता है।

## एक नजर

### श्री चैती दुर्गा मंदिर में बंटा महाप्रसाद

**रांची।** श्री चैती दुर्गा मंदिर में रामजन्म भूमि को लेकर अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा पर श्री चैती दुर्गा मंदिर में सुबह पूजा - अर्चना किया गया एवं डोल तासा के साथ महाप्रसाद प्राचीन हनुमान मंदिर महावीर चौक ले जाया गया और उसके बाद श्री राम को भोग लगाया गया। अयोध्या में हो रहे रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का सीधा लाइव प्रसारण मंदिर प्रसिर में दिखाया गया।उसके बाद चैती दुर्गा मंदिर आ कार महाप्रसाद बांटा गया।आए हुए सभी सम्मानित वेक्तियों को राम मंदिर का प्रारूप मोमेंटो दें कर सम्मानित किया गया। मुख्य संरक्षक श्री किशोर साहू के द्वारा सभी को सम्मानित किया गया।उसके बाद सुंदर कांड का पाठ किया गया, शाम में दीपोत्सव करके आतिशबाजी किया गया। मुख्य संरक्षक किशोर साहू के द्वारा इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से इनलोगो को सम्मानित किया गया।

श्री किशोर साहू,रमेश सिंह,दिलीप गुप्ता,शंकर दुबे, वीरेंद्र साहू, शेखर गुप्ता, उदय साहू, राजकुमार गुप्ता,महेश चन्द्र,रवि कुमार पिंकू, गोपाल पारीक, सुशील मोदी,ललित ओझा, संजय जेसवाल, नन्द किशोर सिंह चंदेल, बिंदु साहू, पिया बर्मन,आशा देवी,कुणाल साह, उमंग सुल्तानिया, मनीष सेठी एवं सेकड़ो राम भक्त उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के संजय सिंह (लल्लू सिंह), मोहित रजक, आशीष रजक, आकाश रजक, मुकेश सिंह, समेत अन्य मौजूत थे।यह जानकारी महासमिति के प्रवक्ता नमन भारतीय ने दिया।

### दुमका में ट्रांसफार्मर की संपर्क में आकर एक की मौत

**दुमका।** जिले के मसलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कुंजबोना गांव के राय टोला निवासी 40 वर्षीय कार्तिक राय ट्रांसफार्मर के संपर्क में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। आनन-फानन में अस्पताल ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना सोमवार देर शाम की है। उसके शव का पोस्टमार्टम कराकर मंगलवार को उसके पैतृक गांव कुंजबोना लाया गया।

## लाभुकों के बीच गैस चूल्हा व सिलेंडर का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
उज्ज्वला गैस योजना के तहत सिल्ली स्टेडियम परिसर में झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो के द्वारा 100 सौ लाभुको को प्रिया गैस एजेंसी के तहत सिलेंडर एवं चूल्हा का वितरण किया गया। जिसमें सिल्ली प्रखंड के विभिन्न गांव से आए हुए लाभुकों को उज्ज्वला योजना का लाभ मिला। विधायक सुदेश कुमार महतो ने लाभुको को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार का उज्जवला गैस योजना का लाभ से एक भी लाभुक वंचित न रहे इसका लाभ हर घर को मिले ताकि महिलाओं को लकड़ी के चूल्हा से छुटकारा मिल पाए साथी साथ जो छूटे हुए गांव है उनको भी चयन करके इसका लाभ दें। वही प्रिया गैस एजेंसी के मैनेजर अंजू सुवर्णा ने भी लाभुको से कहां की इस योजना का लाभ वही व्यक्ति ले सकते हैं जिनके नाम से गैस चूल्हा ना हो इसका लाभ लेने के लिए महिला का राशन कार्ड एवं राशन कार्ड में जितने सदस्य का नाम है सभी का आधार कार्ड तथा फोटो यह सारी कागजात पूरे करने के बाद लाभ ले सकते हैं।

## दिल्ली के गणतंत्र दिवस परेड के गवाह बनेंगे खलारी की मत्स्य कृषक दंपति



**सरकार द्वारा नामित राज्य के दो नोडल पदाधिकारी मत्स्य कृषक दंपतियों को दिल्ली लेकर जाएंगे। सभी दंपति भारत सरकार के विशेष अतिथि होंगे।**

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी के मत्स्य कृषक दंपति बालेश्वर गंझू व उनकी धर्मपत्नी मीना कुमारी नई दिल्ली के कर्त्तव्यपथ में होने वाले गणतंत्र दिवस पैरेड का गवाह बनेंगे। कृषक दंपति को गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर विशेष अतिथि शामिल होने का आमंत्रण मिला है। पूरे देश से 250 मत्स्य कृषक दंपति को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है जिसमें झारखंड से सात दंपति शामिल है। राज्य के निदेशक मत्स्य ने निदेशक, मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्राप्त ईमेल की प्रति संलग्न करते हुए इस आशय का पत्र मुख्य अनुदेशक, मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र, रांची को भेजा है। सरकार द्वारा नामित राज्य के दो नोडल पदाधिकारी मत्स्य कृषक दंपतियों को दिल्ली लेकर जाएंगे। सभी दंपति भारत सरकार के विशेष अतिथि होंगे। इनके दिल्ली जाने से लेकर वापस लौटने तक में यात्रा, ठहरने, खाने पीने सभी के उच्च स्तरीय व्यवस्था के लिए वरीय पदाधिकारियों को जिम्मेवारी दी गई है। इन्हें दिल्ली के इंडिया गेट, नेशनल वार मेमोरियल, प्रधानमंत्री संग्रहालय आदि स्मारकों में घुमाया भी जाएगा। विभागीय केंद्रीय मंत्री के साथ जलपान होगा। दिल्ली पहुंचने पर मंत्रालय के सीनियर लेवल आफिसर अतिथियों की आगवानी करेंगे। पूरा खर्च केंद्र सरकार के संबंधित विभाग वहन करेंगे।

## ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा ने साम्राज्यवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा के देशव्यापी आह्वान पर आज झारखंड के अधिकांश जिलों में नेताजी सुभाष चंद्र बोस को याद करते हुए इस दिन को देश प्रेम दिवस और साम्राज्यवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया गया. राज्य के औद्योगिक क्षेत्रों और ग्रामीण इलाकों में किसानों, मजदूरों - कर्मचारियों द्वारा अपने अपने कार्य स्थलों पर सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि देते हुए देश की एकता अखंडता और भाईचारे की हर कीमत पर रक्षा किए जाने का संकल्प लिया गया. राजधानी रांची में मेन रोड स्थित सीटू राज्य कार्यालय के परिसर में नेताजी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एक सभा की गयी. जिसकी अध्यक्षता अनिर्बान बोस ने की. सभा को संबोधित करते हुए सीटू के प्रकाश विप्लव, प्रतीक मिश्र, बेफ झारखंड के एम. एल सिंह , अभिजीत मल्लिक, नवीन चौधरी समेत विभिन्न ट्रेड युनियनो के नेताओं ने कहा कि आज हमारा देश एक यैसे दोराहे पर खड़ा है जहां से एक सही मंजिल की ओर जाने के मार्ग में बड़ी बाधाएं खड़ी कर दी गई हैं. आज शासक वर्ग द्वारा सुनियोजित तरीके से धार्मिक उन्माद का शोर पैदा कर एक तरफ राष्ट्रीय संपदा की लूट तेज कर दी गई है एवं दूसरी ओर संविधान के संघीय व धर्मनिरपेक्ष चरित्र को ताक पर रखकर भारत को बहुसंख्यकों का एक 'धार्मिक राष्ट्र' बनाने की कवायद तेज कर दी गई है. यह हमारे संविधान की मूल भावना और स्वतंत्रता संग्राम की साझी विरासत और जनतांत्रिक मूल्यों को कमजोर किए जाने की साजिश है जिसका हमें डटकर मुकाबला करना होगा.

## भाभी के साथ मारपीट करने के दोषी को एक साल की सजा

**दुमका।** भाभी से गाली-गलौच व मारपीट करने के मामले में न्यायालय ने दोषी को एक साल की सजा और एक हजार रुपये जुमार्ना लगाया। सजा न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी विजय कुमार यादव की अदालत में मंगलवार को सुनाया। न्यायालय ने जिले के जामा थाना कांड संख्या 60/2019 में सजा के बिंदु पर सुनवाई की। सरकार की ओर से सहायक लोक अभियोजक खुशबुद्दीन अली ने बहस में हिस्सा लिया। मामले में पांच गवाहों की गवाही गुजरी। दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनने के बाद न्यायालय ने भादवि की धारा 323 के दोषी पाकर नामजद आरोपित सनत मरांडी को एक साल के कारावास और एक हजार रुपये जुमार्ना अदा करने की सजा सुनायी। जुमार्ना अदा नहीं करने पर एक सप्ताह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। साथ ही न्यायालय ने भादवि की धारा 341 के तहत एक महीने के कारावास और पांच हजार जुमार्ना किया है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। उल्लेखनीय है कि जामा थाना क्षेत्र के करमन गांव की रहने वाली सोनामुनी हेम्ब्रम ने लिखित आवेदन देकर 10 जून, 2019 को थाना में कांड संख्या 60/2019 दर्ज करायी थी।

## ओसिएनिक एग्जोटिका सोसायटी में राम महोत्सव

**रांची।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में महावीर नगर अरगोड़ा की ओसिएनिक एग्जोटिका रेसिडेंशियल सोसायटी में भव्य राममहोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शोभायात्रा से हुई। शोभायात्रा की अगुवाई सोसायटी की अंशु सिन्हा, अंजना, अनिमा शर्मा, कुमारी अंजली, अंजनी कुमारी, रेशमी कुमारी, सुमन अग्रवाल ने खुली जीप में की. 31 गाड़ियों का काफिला महावीर नगर से सहजानंद चौक, हरमू, बिरसा चौक होते हुए वापस सोसायटी पहुंचा।

